हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 39 .4 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

12 डीक्रस्ट में गैर शिक्षकों ने जारी रखा धरना फेडरेशन की बातचीत नहीं रही सफल



12 शक्ति प्रदर्शन के साथ भाजपाई हो गए मेयर निखिल मदान



## खबर संक्षेप

### कूड़ा डालने को लेकर पड़ोसियों पर हमला, केस

**गन्नौर।** बजाना खुर्द गांव में कूड़ा डालने को लेकर पड़ोसियों के साथ गाली-गलौच व मारपीट का मामला सामने आया है। पड़ोसी ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में बजाना खुर्द निवासी सतीश ने बताया कि उसकी पत्नी सुमन अपनी बेटी मोहिनी के साथ पर कूड़ा डालने के लिए गई थी। वहां पर गांव के ही धर्मबीर, उसकी पत्नी निर्मला व मीना ने उन्हें कूड़ा डालने से मना कर दिया और उनके साथ गाली गलौच कर दी।

### अवैध कब्जे के आरोप में सरपंच को पद से हटाने की मांग

**गन्नौर।** गांव बेगा के सरपंच को सरपंच पद से हटाने व सरपंच द्वारा करवाई गई पंचायती जमीन की अवैध गिरदावरी खत्म करने बारे, गैर कानूनी रूप से पंचायती भूमि पर अवैध कब्जा हटाने की एसडीएम को शिकायत देकर मांग की। शिकायत में गांव के सोमबीर ने बताया कि गांव के सरपंच ने पंचायती जमीन पर अवैध कब्जा न करने का गलत तरीके से शपथ पत्र तैयार करवाकर सरपंच पद हासिल किया है। आरोप है कि सरपंच ने बिजली विभाग के साथ साठ-गाठ करके पंचायती जमीन में बिजली का अवैध कनेक्शन लेकर दो कमरे बनाए है।

### जनसंख्या नियंत्रण अति आवश्यक

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वाधान में देवडू रोड स्थित एक निजी विद्यालय में अंतराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता अधिवक्ता शिव प्रशाद शर्मा रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन राजेंदर सैनी ने की। मुख्य वक्ता अधिवक्ता शिव प्रशाद शर्मा ने कहा की जिस प्रकार से जनसंख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, यह संसार के लिए ठीक नहीं है।

### उजाला सिग्नस में रक्तदान शिविर आज

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन एवं उजाला सिग्नस जेके हिंदू अस्पताल द्वारा शनिवार 12 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इंडस्ट्री एरिया स्थित उजाला सिग्नस जेके हिंदू अस्पताल में आयोजित किए जा रहे रक्तदान शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिये नागरिक अस्पताल की टीम पहुंचेंगी।

### जिला स्तरीय रोल बॉल खेल प्रतियोगिता 21 को

**सोनीपत।** जिला रोल बॉल एसोसिएशन ऑफ सोनीपत द्वारा अंडर-14 (सब जूनियर) आयु वर्ग के खिलाड़ियों की जिला स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता करवाई जाएगी। प्रतियोगिता रविवार 21 जुलाई को मैप्सको सिटी स्थित एक निजी स्कूल में आयोजित की जाएगी। सभी खिलाड़ियों को सुबह 7.30 बजे पहुंचना होगा।

---

पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश बढ़ा रही खतरा, किसान परेशान

# यमुना में बढ़ने लगा जलस्तर बज सकती है खतरे की घंटी

एहतियात के तौर पर प्रशासन के प्रयास शुरू, सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश की वजह से यमुना का जलस्तर बढ़ने लग गया है। इस साल पहली बार ऐसा हो रहा है, जब यम्मुना के जलस्तर में इजाफा हुआ है। क्योंकि बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज में पानी का स्तर बढ़ गया है, इसी वजह से बैराज से पानी छोड़ना शुरू किया गया है। मौजूदा स्थिति में यमुना में 45 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसकी वजह से फिलहाल की स्थिति में तो कोई खतरा नहीं है, लेकिन आने वाले समय में अगर इसी तरह से पानी छोड़ना जारी रखा गया तो जल्द ही यमुना खतरे के निशान पर पहुंच सकती है। जिसके कारण आसपास के गांवों में तबाही भी मच सकती है। जिसको लेकर किसान चिंतित हो गई हैं। इसी वजह से प्रशासन ने एहतियातन प्रयास शुरू कर दिए हैं। वीरवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने भी यमुना का जायजा लिया।

बता दें कि मानसून सीजन की शुरूआत बेशक से जिले में थोड़ी धीमी दिखाई दे रही है, लेकिन पहाड़ों पर लगातार भारी बारिश जारी है। जिसके चलते यमुना पर बने हथिनीकुंड बैराज से पानी यमुना में छोड़ना शुरू किया गया है। पिछले दिनों हथिनीकुंड बैराज से करीब 45 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। हालांकि, यह पानी सोनीपत क्षेत्र को पार करते हुए दिल्ली की ओर बढ़ गया है और इससे कोई खतरा भी नहीं है। उसके बावजूद आगामी कुछ दिनों तक खतरा बरकरार रहेगा। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार 3-4 दिन में भारी बारिश हो सकती है। यमुना में और अधिक पानी छोड़े जाने की आशंका के चलते वीरवार को सिंचाई विभाग के एक्सईएन गुलशन कुमार समेत कई अधिकारियों ने यमुना क्षेत्र का दौरा किया और हालात का जायजा लिया। विदित रहे कि पिछले वर्ष यमुना के उफान से आसपास के 25 गांवों की फसल खराब हो गई थी।

### पिछली बार खराब हो गई थी 10 हजार एकड़ फसल

पिछले साल यमुना का जलस्तर बढ़ने से आसपास के करीब 25 गांवों के किसानों की 10 हजार एकड़ से ज्यादा फसल खराब हो गई थी। बहुत से किसानों के खेतों में बने कोठड़े व ईंजन यमुना में बह गए थे। साथ ही भैरा बांकीपुर, अटेरना, मनौली, टोंकी, जाजल, बड़ौली, टिकोला, पबसरा, असदपुर नांदनौर, मेहंदीपुर, खुर्मपुर आदि गांवों के बहुत से मकानों में भी पानी घुस गया था। कई गांवों में तो पशुओं के चारे तक का संकट हो गया था। जिसकी वजह से ग्रामीणों को खासी दिक्कत का सामना करना पड़ा था।

### यमुना क्षेत्र में जाने पर पाबंदी

प्रशासन ने फिलहाल यमुना क्षेत्र में लोगों के जाने पर पाबंदी लगा दी है। पुलिस, पटवारी व आपदा प्रबंधन के कर्मचारियों को मुस्तैद रहने को कहा गया है। पंपसेट तैयार रखने के निर्देश है। आबादी व पशुओं को यमुना क्षेत्र से दूर रखने को कहा गया है। इसे लेकर आसपास के गांवों में मुनादी भी कराई जाएगी।

### फिलहाल कोई खतरा नहीं

हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़ा गया था, जो सोनीपत क्षेत्र को पार करता हुआ दिल्ली की ओर बढ़ गया है। फिलहाल कोई खतरा नहीं है। फिर भी एहतियातन नजर रखी जा रही है। दौरा कर यमुना क्षेत्र का जायजा लिया गया है।
**-गुलशन कुमार, कार्यकारी अभियंता, सिंचाई विभाग।**

---

# पोर्टल रहा धीमा, दिन भर होता रहा लिस्ट का इंतजार

- महाविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया का दूसरा चरण, नहीं हो पाए विद्यार्थियों के दाखिले
- आज जारी होनी थी प्रोविजनल लिस्ट, अब शुक्रवार को जारी होगी फाइनल लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महाविद्यालयों में दाखिलों के लिये दूसरे चरण की प्रक्रिया चल रही है। जिसके तहत वीरवार को प्रोविजनल लिस्ट जारी होनी थी, लेकिन पोर्टल धीमा होने के चलते पूरा दिन इंतजार करने के बाद भी लिस्ट जारी नहीं हो पाई। जिसकी वजह से महाविद्यालयों में प्रबंधन के अलावा विद्यार्थियों को भी खासी परेशानी हुई। पोर्टल धीमा होने के कारण स्नातक द्वितीय और तृतीय वर्ष के दाखिलो भी नहीं हो पाए। इसके अलावा महाविद्यालयों में डाटा अपडेटेशन का काम भी प्रभावित रहा। बताया गया है कि अब शुक्रवार को दूसरे चरण की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी। बता दें कि महाविद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया का काम चल रहा है। वीरवार को जहां दूसरी प्रोविजनल वरीयता सूची जारी की जानी थी, वहीं स्नातक द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को दाखिला सुनिश्चित करवाने के लिए फीस जमा करवानी थी। जिसको लेकर सुबह से ही महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की भीड़ लगने लगी थी।

### आज जारी होगी फाइनल लिस्ट

स्नातक पाठ्यक्रम में चल रही दाखिला प्रक्रिया के तहत पहले चरण की दाखिला प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है। वीरवार को दूसरी प्रोविजनल वरीयता सूची जारी की जानी थी। महाविद्यालय प्रबंधन सुबह से ही सूची जारी होने का इंतजार करते रहे, लेकिन शाम तक सूची जारी नहीं की गई थी। नए शेड्यूल के अनुसार अब शुक्रवार को दूसरी फाइनल वरीयता सूची जारी की जाएगी।

### राजकीय महाविद्यालय की दूसरी दाखिला मेरिट सूची 12 को

**खरखौदा।** राजकीय महाविद्यालय पिपली में स्नातक स्तर पर प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। जिसके अंतर्गत दाखिले की प्रथम मेरिट सूची के तहत लगभग 110 सीटों पर दाखिले हो चुके हैं। 12 जुलाई को दूसरी मेरिट सूची उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की जाएगी और द्वितीय सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए फीस जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। महाविद्यालय में बी. ए में 320 , बी.कॉम में 80 , पीजी डिप्लोमा (राष्ट्र और साइबर सुरक्षा व रक्षा पत्रकारिता) में 40 , एम ए इतिहास में 40 तथा एम ए मनोविज्ञान में 40 सीटों पर दाखिले किए जाएंगे। एम ए इतिहास और मनोविज्ञान व पीजी डिप्लोमा (राष्ट्र और साइबर सुरक्षा व रक्षा पत्रकारिता) में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया 12 जुलाई से आरंभ होगी। महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को रोजगार परक ज्ञान देने हेतु कौशल विकास केंद्र स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से विधार्थी अपनी रुचि के रोजगार की प्राथमिक शिक्षा महाविद्यालय स्तर पर प्राप्त कर सकेंगे।

---

# छात्रा इंदु एराइज का छात्रवृति के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



छात्रा इंदु।

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की एक छात्रा को प्रतिष्ठित एराइज छात्रवृत्ति के लिए चुना गया है। कुलपति प्रो. सुदेश ने चयनित छात्रा को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्राओं के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पबद्ध है।

यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट एंड काउंसलिंग सेल (यूपीएससी) की उप निदेशक डॉ अंशु भारद्वाज ने बताया कि विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की छात्रा इंदु को इस छात्रवृत्ति के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि सीएसआर बॉक्स द्वारा संचालित एराइज छात्रवृत्ति का उद्देश्य भारत में सामाजिक विज्ञान और विकासात्मक क्षेत्रों में अध्ययन को प्रोत्साहित करना है। समाज कार्य विभाग की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ दीपाली माथुर ने बताया कि मास्टर ऑफ सोशल वर्क के तीसरे सेमेस्टर की छात्रा इंदु को इस छात्रवृत्ति के तहत 25000 रुपये प्रदान किए गए हैं। यह छात्रवृत्ति पूरे भारत से केवल 7 उम्मीदवारों को दी जाती है। यह छात्रवृत्ति उम्मीदवारों को छात्रावास/मेस शुल्क को कवर करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

---

# पुरानी रंजिश में दूधिये की सात गोलियां मारकर हत्या

रोहतक-पानीपत हाइवे पर गांव सैनीपुरा के पास दिया वारदात को अंजाम, फायर किए गए थे 10 राउंड

- तीन आरोपित किए काबू, चार साल पहले मृतक के बेटे पर गांव के युवक की हत्या का लगा था आरोप
- रंजिश में कर दी 50 वर्षीय शामड़ी निवासी जयपाल उर्फ जोगेंद्र की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत/गोहाना



**सोनीपत/गोहाना।** वारदात स्थल पर मृतक की मोटरसाइकिल।

रोहतक-पानीपत हाईवे पर गांव सैनीपुरा के पास वीरवार सुबह एक दूधिये की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया, जबकि गांव शामड़ी निवासी दूधिया गांव से गोहाना की ओर जा रहा था। वारदात स्थल पर हमलावरों ने कुल 10 राउंड फायर किए थे, जिसमें से 7 गोलियां दूधिये को लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के पीछे की वजह पुरानी रंजिश बताई गई है, जिसमें दूधिये के बेटे पर गांव के ही एक युवक की हत्या का आरोप लगा था।

चार साल पहले की इस वारदात की रंजिश में ही दूधिये की हत्या की गई है। दूसरी ओर इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात घंटों में तीन आरोपितों को काबू कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार गांव शामड़ी निवासी अंकुश ने पुलिस को बताया कि उनके पिता जयपाल उर्फ जोगेंद्र (50) दूध बेचने का काम करते थे। वह वीरवार सुबह दूध लेकर अपनी बाइक पर गोहाना के लिए निकले थे।

जब वह करीब साढ़े नौ बजे पानीपत-रोहतक हाईवे पर गांव सैनीपुरा के पास पहुंचे तो बाइक सवार तीन हमलावरों ने उनको रोककर कहासुनी की। बाद में उनके पिता पर गोलियां चला दी। उनके पिता ने भागने का प्रयास किया, लेकिन हमलावरों ने 10 फायर किए, जिसमें सात गोली लगने से उनके पिता की मौत हो गई। हमलावर वारदात के बाद बाइक पर सवार होकर भाग गए। सूचना के बाद एसीपी क्राइम राजपाल सिंह व सदर गोहाना थाना प्रभारी महिपाल की टीम ने मौके से दो कारतूस व गोलियों के 8 खोल बरामद किए हैं। पुलिस ने शव को खानपुर कलां के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अंकुश के बयान पर गांव शामड़ी के देवेंद्र, मोनू, अमित उर्फ घोलू, जितेंद्र, सुनील, विनय समेत नौ आरोपितों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### पुलिस ने पकड़े तीन आरोपित

डीसीपी गोहाना रविंद्र तोमर ने बताया कि हत्या के मामले में गोहाना सीआईए की टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दो आरोपितों गांव शामड़ी निवासी आर्यन व हिसार के उमरा गांव निवासी कुलबीर को गांव गामड़ी के खेतों से दो पिस्तौल व दो कारतूस समेत पकड़ा है। वहीं तीसरे साथी हिसार के थुराना निवासी लोकेश को भी उसके गांव से ही गिरफ्तार किया है।

### चार पहले हत्या के मामले में रंजिश

डीसीपी ने बताया कि आरोपितों ने जयपाल उर्फ जोगेंद्र की हत्या गांव शामड़ी निवासी देवेंद्र के कहने पर करने की बात कबूली है। देवेंद्र के भाई रविंद्र की 7 अक्टूबर, 2020 को गांव में गोली मारकर हत्या की गई थी। जिसका आरोप जयपाल के बेटे अंकुश है। पुलिस की जांच में जयपाल हत्याकांड में अब तक पांच लोगों की संलिप्तता का पता लगा है। मुख्य षड़यंत्रकारी देवेंद्र की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

---

# 120 को स्वामित्व रजिस्ट्री पत्र व 41 को लाल डोरा प्रमाण पत्र किए वितरित

- मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित किया रजिस्ट्री व लाल डोरा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** मालिकाना हक संबंधी कागजात सौंपते हुए नगर निगम आयुक्त।

जिले में शहरी क्षेत्र के लाल डोरे के भू-मालिकों को उनकी हक की संपति का मालिकाना हक दिलाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत सेक्टर-15 स्थित कम्युनिटी सेंटर में योजना के पात्र संपत्ति मालिकों को लाल डोरा प्रमाण पत्र व रजिस्ट्री प्रमाण पत्र वितरित करने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने जिला के शहरी क्षेत्र के 120 लोगों को स्वामित्व रजिस्ट्री व 41 लोगों लाल डोरा प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस योजना के तहत मानेसर में राज्यस्तीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने योजना के लाभपात्रों को स्वामित्व पत्र सौंपे। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी किया गया, जहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का संदेश सुना। इस दौरान निगमायुक्त विश्राम मीणा ने रजिस्ट्री व लाल डोरा प्रमाण पत्र हासिल करने वाले भू-संपत्ति मालिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस योजना इ से लोगों को सीधा लाभ होगा और उन्हें अपने घर और दुकान का मालिकाना हक प्राप्त होगा।

### 1257 में से 285 ने किया था आवेदन

मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत जिला के शहरी क्षेत्रों में कुल 1257 संपत्तियों में से 285 लोगों ने अपना आवेदन किया था। नगर निगम द्वारा 166 लोगों को स्वीकृति दी गई थी, जिनमें से 139 लोगों द्वारा अपनी पूरी राशि जमा करवा दी गई है। जिसके पश्चात आज 120 लोगों को उनकी संपत्ति की रजिस्ट्री सौंप दी गई है। आज जिन लोगों को रजिस्ट्री सौंपी गई है उनमें सोनीपत से 57, गोहाना से 55 तथा खरखौदा से 08 लोग शामिल है।

### लाल डोरा के प्रमाण पत्र भी दिए

कार्यक्रम में 41 लोगों को लाल डोरा प्रमाण पत्र भी सौंपे गए है। जिसमें गांव फाजिलपुर से 08, गांव गढ़ी ब्रह्मद्दणान से 06, गांव लहराड़ा से 06, गांव लिवान से 01, गांव देवडू से 03, गांव रायपुर से 03, गांव गढ़ शहजानपुर से 05, गांव जोशी जाटर से 05, गांव जटवाड़ा मोहल्ला से 04 लोग शामिल हैं।

---

# सीएम उड़नदस्ते ने खाद बीज की दुकान पर मारा छापा, पकड़ी एक्सपायर दवाइयां



**खरखौदा।** दुकान में जांच करती मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम।

**खरखौदा।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने गुरुवार को कृषि एवं किसान कल्याण बोर्ड की टीम के साथ खरखौदा में खाद बीज की दुकान छापा मारा। इस दौरान जब टीम ने जांच की तो काफी मात्रा में ऐसी दवाइयां मिली, जोकि बहुत समय पहले एक्सपायर हो चुकी हैं। जिस पर दुकानदार को नोटिस दिया गया। शहर के प्राइमरी स्कूल के पास स्थित एक खाद व बीज की दुकान पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम एसआई महावीर की अगुवाई में पहुंची। मौके पर टीम को एक्सपायर हो चुकी दवाइयां मिली। कई दवाएं तो वर्ष 2022 में एक्सपायर हो चुकी थी। मांगने पर दुकानदार स्टाक रजिस्टर भी नहीं दिखा पाया। ऐसे में क्वालिटी कंट्रोल निरीक्षक द्वारा दुकान में मिली दवाइयों की 59 बोतलों को अपने कब्जे में ले लिया गया और दुकानदार को नोटिस दिया गया।

---

# नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा में कार्यरत क्लर्क किया निलंबित

- पेंशन व डेथ केस की फाइलों पर काम ना करने का आरोप
- फाइल अटकने से नगर निगम के पूर्व कर्मचारी पेंशन शुरू करवाने के लिए चक्कर काट रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा में कार्यरत नगर निगम क्लर्क मुन्नी को निलंबित किया गया है। निगम आयुक्त ने बृहस्पतिवार को निलंबन के आदेश जारी किए है।

क्लर्क मुन्नी देवी के पास पेंशन और डेथ केस संबंधित फाइलों का काम है। उनके पास कई फाइल करीब डेढ़ से दो साल से पड़ी है। फाइल अटकने से नगर निगम के पूर्व कर्मचारी पेंशन शुरू करवाने के लिए चक्कर काट रहे है। ऐसे ही डेथ केस में आश्रितों को लाभ नहीं मिल पा रहा। लोगों ने इसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त से की थी। जिसके बाद उनको चेताया भी गया था। बावजूद काम में लापरवाही बरती जा रही थी। अब नगर निगम आयुक्त ने क्लर्क मुन्नी को निलंबित कर दिया है। इसकी शहरी स्थानीय निकाय, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त, मेयर, चीफ अकाउंटेंट सहित अन्य अधिकारियों को भेजी गई है।

---

तन्नू मंगला रही जिले में प्रथम, शिवम ने द्वितीय व कनिका ने पाया तृतीय स्थान

# 201 में से 40 युवाओं ने पास की सीए की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** सीए बनने पर दीपांशु को मिठाई खिलाते सोनीपत सीए एसो. के पूर्व चेयरमैन।

द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की तरफ से वीरवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) का फाइनल व इंटर का परिणाम घोषित कर दिया गया। सोनीपत से 201 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 40 युवाओं ने सफलता हासिल करते हुए सीए बनने का गौरव हासिल किया है। सोनीपत सीए एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन अनुज मंगला ने बताया कि परीक्षा में तन्नू मंगला ने जिले में प्रथम, शिवम ने द्वितीय व कनिका ने तृतीय स्थान हासिल किया। सीए अनुज मंगला ने बताया कि आईसीएआई हर साल नवंबर व मई माह में सीए की परीक्षाएं आयोजित करवाता है। इस वर्ष मई माह में हुई परीक्षा का फाइनल व इंटर का परिणाम जारी किया गया है। इस परीक्षा में जिले से 201 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 40 युवा चार्टड अकाउंटेंस बनने में सफल हुए हैं। सोनीपत सीए शाखा के पदाधिकारियों ने सभी नए चार्टर्ड अकाउंटेंट व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी। सभी ने कहा कि नए सीए का हर तरह से मार्गदर्शन किया जाएगा।

### ये हैं टॉपर

| स्थान | सीए फाइनल | सीए इंटर |
| --- | --- | --- |
| प्रथम | तन्नू मंगला | वाणी मित्तल |
| द्वितीय | शिवम | गजल |
| तृतीय | कनिका | भूमि |
| चतुर्थ | पूजा शर्मा | तृप्ति जैन |
| पंचम | अंकुश | ——- |

### ये युवा बने सीए

सीए एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन सीए अनुज मंगला ने बताया कि सीए के फाइनल परीक्षा परिणाम में तन्नु मंगला, शिवम, कनिका, पूजा शर्मा, अंकुश, पवन, शिव कुमार, योगेश, रमित मलिक, आकाश बत्रा, हार्दिक चंदना, रितिका गोयल, हार्दिक नागपाल, नोहित सरोहा, सागर, अभिषेक कश्यप, प्राची गुप्ता, अंकित शर्मा, मनीष सैनी, गुनिका, विशेष बंसल, साहिल जैन, पारुल सचदेवा, शगुन मित्तल, हिमांशु, रोहित गौतम, दीपांशु मित्तल, राहुल सैनी, श्वेता लाहोट, कनिका रहेजा, भूमित, दीपक टुटेजा, दीपक मुंजाल, जाह्नवी, अंकित गर्ग, लवीना सिंगला, शिखा राघव, अंकित बठला, रोहित बत्रा व अंजलि सोनीपत में चार्टर्ड अकाउंटेंट बने हैं।

### नए सीए बने युवाओं का किया मार्गदर्शन

चार्टर्ड अकाउंटेंट की फाइनल व इंटर परीक्षा का परिणाम वीरवार को घोषित कर दिया गया। जिसमें जिले के 201 युवाओं में से 40 युवा सीए बने हैं। सीए परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी युवाओं को बधाई। नए सीए बने युवाओं का हर तरह से मार्गदर्शन किया जाएगा। **-अनुज मंगला, पूर्व चेयरमैन, सोनीपत सीए एसोसिएशन**

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

बच्चों, अगर तुमसे पेड़ों पर रहने वाले जीवों के बारे में पूछा जाए, तो तुम्हारे दिमाग में सबसे पहले पक्षियों का नाम आएगा। लेकिन पक्षियों के अलावा भी कई ऐसे जंतु हैं, जो पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं। हम यहां तुम्हें ऐसे ही कुछ अनोखे जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

# पक्षियों की तरह इनको भी भाता है पेड़ों पर रहना

बच्चों, पक्षियों को तो तुम एक पेड़ से दूसरे पेड़ की शाखाओं पर फुदकते देखते ही होगे। तुम यह भी जानते होगे कि अधिकांश पक्षी, पेड़ों के झुरमुटों में ही घोंसला बनाकर रहते हैं। लेकिन इनके अलावा भी दुनिया भर में ऐसे कई जंतु हैं, जो पेड़ों पर ही अधिकतर समय रहते हैं। इनमें से कुछ के बारे में हम यहां बता रहे हैं।

## कोआला यूकेलिप्टस पेड़ पर होते हैं निर्भर



**मूल रूप** से ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला कोआला, बेहद क्यूट, किसी खिलौने की तरह दिखता है। आमतौर पर ये दक्षिणी-पूर्वी और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के यूकेलिप्टस पेड़ों के जंगलों में पाए जाते हैं। अपने भोजन के लिए ये पूरी तरह यूकेलिप्टस पेड़ की पत्तियों पर ही निर्भर होते हैं। कोआला बहुत ही आलसी होते हैं। ये दिन में 18 घंटे तक सोते हैं। ये बहुत ही कम पानी पीते हैं। भोजन के साथ-साथ इनकी पानी की जरूरतें भी यूकेलिप्टस की पत्तियों से ही पूरी हो जाती हैं।*

## स्लॉथ हफ्ते में एक बार उतरता है पेड़ से नीचे



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के ट्रॉपिकल जंगलों में पाया जाने वाला स्लॉथ, अपने नाम के मुताबिक बेहद आलसी और ढीला-ढाला प्राणी है। यह रोजाना 20 घंटे तक सोता रहता है या जागने पर भी बहुत ज्यादा हिलता-डुलता नहीं है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह सात-आठ दिनों में एक बार ही पेड़ से नीचे उतरता है, बाकी समय यह पेड़ की डाल पर या तो उल्टा लटका रहता है या फिर पेड़ से चिपका रहता है। यह बिना जमीन पर उतरे, एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक उनकी शाखाओं के जरिए चला जाता है। जमीन पर चलना इनके लिए बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इन्हें किसी चीज का सहारा लेकर ही हिलने-डुलने और चलने की आदत होती है। *

## ट्री-कंगारू पेड़ों पर लंबी छलांग लगाने में माहिर



**ट्री-कंगारू,** ऑस्ट्रेलियन कंगारू से अलग प्रकार का जंतु है। ये ऑस्ट्रेलियन कंगारू की तरह जमीन पर नहीं कूदते। ये पेड़ों पर तेजी से चढ़ने और पेड़ों से लंबी छलांग लगाने में माहिर होते हैं। इन्हें ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के वर्षा वनों में देखा जा सकता है। हालांकि ट्री-कंगारुओं की संख्या अब बहुत कम रह गई है। जीव-विज्ञानियों का मानना है कि पहले ट्री-कंगारू भी आम कंगारू की तरह ही जमीन पर रहते थे। लेकिन बाद में इन्होंने पेड़ों पर रहने की आदत अपना ली। *

## टार्सियर घने पेड़ों में रहना करता है पसंद



**टार्सियर को** दुनिया का दूसरा सबसे छोटा 'प्राइमेट' (मानवाकार वानर की एक प्रजाति) माना जाता है। ये फिलिपींस सहित दक्षिण-पूर्वी एशिया के द्वीपों और जंगलों में पाए जाते हैं। इनकी आंखें बहुत बड़ी-बड़ी होती हैं। ये निशाचर, यानी रात में अधिक एक्टिव रहने वाले प्राणी खुद को घने पेड़ों के बीच अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। इसलिए ये अपना ज्यादातर समय घने पत्तों वाले पेड़ों के बीच ही बिताना पसंद करते हैं। एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलांग लगाते हुए ये पूरा जंगल घूमते रहते हैं। आराम करते या सोते वक्त पेड़ से गिर ना जाएं, इसके लिए ये अकसर अपनी लंबी पूंछ को पेड़ की शाखा से लपेट लेते हैं। टार्सियर, एकमात्र ऐसे प्राइमेट हैं, जो पूरी तरह मांसभक्षी हैं। *

## स्क्वेरल मंकी खूब करते हैं पेड़ों पर मस्ती



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के वर्षा वनों में प्यारे-प्यारे स्क्वेरल मंकी (गिलहरी बंदर) को पेड़ों की शाखों पर उछलकूद, मस्ती या आराम करते देखा जा सकता है। नटखट बच्चों जैसे दिखने वाले छोटे आकार के ये अनूठे बंदर, बहुत शरारती होते हैं। दिन हो या रात, इनका ज्यादातर समय पेड़ों पर ही बीतता है। रात के समय ये पेड़ की मोटी शाखाओं पर पेट के बल सो जाते हैं और अपने हाथों से उसे पकड़े रहते हैं। इन्हें काफी स्मार्ट माना जाता है, क्योंकि अन्य बंदर की प्रजातियों की तुलना में इनका ब्रेन, इनकी बॉडी के अनुपात में बड़ा होता है। *

## लेपर्ड पेड़ों पर आराम फरमाना करता है पसंद



**लेपर्ड यानी** तेंदुआ एक मांसाहारी जंगली जंतु है। यह पैंथेरा जीनस यानी बड़ी बिल्ली परिवार का सबसे छोटे आकार का सदस्य होता है। इसे हरे-भरे पेड़ों की शाखों पर आराम करने में बड़ा मजा आता है। यह दिन में ही नहीं रात में भी पेड़ पर ही अधिकतर समय रहता है। यह अपने शिकार का पीछा करते हुए आसानी से पेड़ की ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है या फिर पेड़ों के ऊपर छिपकर नीचे अपने शिकार पर नजर रखता है। भारत और चीन समेत मध्य एशिया के कई देशों और अफ्रीका में लेपर्ड बहुतायत में पाए जाते हैं। *

## जीके क्विज-112

1. हाल ही में भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनने का गौरव किसे हासिल हुआ है?
2. 31 जुलाई को हिंदी के किस प्रसिद्ध लेखक की जयंती मनाते हैं?
3. सात टापुओं का नगर के नाम से किस शहर को जाना जाता है?
4. प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की प्रारंभिक राजधानी कहां थी?
5. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. सांची के स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?
8. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?
9. हल्दी घाटी का युद्ध किस-किस के बीच हुआ था?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-112 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-111 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.रोहित शर्मा, 3.राजनाथ सिंह, 4.11 जुलाई, 5.4 वर्ष, 6.एम. फातिमा बीबी, 7.सरोजिनी नायडू, 8.आर्कटिक महासागर, 9.यमुना, 10.काला

**जीके क्विज-111 का सही उत्तर देने वाले :** जितेंद्र-बालाघाट, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, अजय-कोर्रा, रेणुका धुरंधर-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, समीर-ईमेल से, आत्रेयन-ईमेल से, रितेश-मटियारी, विशु-मनकी लोरमी, सोनल-रायपुर, आकाश-रोहतक

## हंसगुल्ले



**मोनू** : यार, तुम तो कहते थे, गूगल हर बात की जानकारी दे सकता है, लेकिन ये तो किसी काम का नहीं!
**सोनू** : क्यों, क्या हुआ?
**मोनू** : क्या फायदा इस गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आएंगे?

**-प्रियांश, रोहतक**

**पापा** : गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**चिंटू** : कोई बात नहीं पापा! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

**-काव्या, रायपुर**

रोहन एक काला और एक सफेद जूता पहनकर स्कूल आया।
**टीचर** : ये क्या है, घर जाओ और जूते बदलकर आओ।
**पप्पू** : कोई फायदा नहीं सर, घर में भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।

**-साकेत, दुर्ग**

गुदगुद भालू को जब पता चला कि पेड़ गब्दू हाथी को चोरी-छुपे कहानी सुनाता है तो वह भी मचल उठा कि पेड़ उसे भी कहानी सुनाए। गुदगुद भालू को यह भी जिज्ञासा हुई कि पेड़ इतनी कहानियां लाता कहां से है? पेड़ ने क्या गुदगुद भालू को कहानी सुनाई ? क्या यह भी बताया कि वह इतनी कहानियां कैसे सुना लेता है ? बच्चों, पढ़ो यह मजेदार कहानी।

# कहानी सुनाने वाला पेड़

कहानी
समीर गांगुली



हालांकि यह मुहावरा उस पर जमता नहीं है, फिर भी गुदगुद भालू समझ गया था कि 'दाल में कुछ काला' है। इसलिए वह एक टीले के पीछे छिपकर कुछ देखने और सुनने की कोशिश कर रहा था। उसने सुना, पेड़ डांटते हुए गब्दू हाथी से कह रहा था, 'भाग जा, नहीं तो अपनी टहनियां झुका-झुका कर तुझे पीटूंगा।' लेकिन गब्दू जो असल में आठ महीने का हाथी का बच्चा था, गर्दन और सूंड को जोर-जोर से हिलाते हुए कहे जा रहा था, 'बस एक.. बस एक... फिर चला जाऊंगा।' पेड़ आज गब्दू से बहुत चिढ़ा हुआ था। चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, 'सवाल ही नहीं उठता! तू रोज अपनी कान फाड़ू आवाज से मुझे कच्ची नींद से जगा देता है। फिर भी नहीं जागूं तो अपने भारी सिर से मेरे धड़ को ठोक-ठोक कर मुझे उठाता है। मेरे तीन सौ सैंतीस पत्ते गिरा दिए, मुझे घायल कर दिया... और फिर कहता है, तुझे कहानी सुनाऊं। जा, नहीं सुनाऊंगा।' 'ओह, तो ये चक्कर है!' अब गुदगुद भालू टीले की आड़ से एक जासूस की तरह बाहर निकल आया। पेड़ के पास जाकर बोला, 'तो आज तुम रंगे हाथों पकड़े गए।' हालांकि पेड़ के लिए यह मुहावरा भी ठीक नहीं था, क्योंकि पेड़ के तो हाथ होते ही नहीं।

पेड़ अब और ज्यादा परेशान हो गया। अब उसके सामने थे दो छंटे हुए नटखट बदमाश- एक भालू का बच्चा, दूसरा हाथी का बच्चा।

पेड़ ने टालने की खातिर कहा, 'मुझे तुम दोनों के नाम पसंद नहीं। पहले घर जाओ, नहाकर और नाम बदलकर आओ।' गुदगुद भालू अपने दोनों हाथ कमर पर रखकर ऐंठते हुए बोला, 'आज पता चला, तुम्हीं हो कहानी सुनाने वाले पेड़। इस गब्दू छोटे हाथी को छिप-छिप कर कहानी सुनाते हो, मेमनों को भी तुम्हारे आस-पास चक्कर लगाते मैंने देखा है। अब तो मैं भी कहानी सुनकर ही जाऊंगा।' पेड़ उन्हें टालने की गरज से बोला, 'अभी मुझे नींद आ रही है, शाम को आना।' इस बार गब्दू हाथी बोला, 'दिन में सोना अच्छी बात नहीं। चलो, शुरू हो जाओ। शैतान शेर, नहीं तो खौफनाक भूत की कहानी सुनाओ।' गुदगुद भालू ने गब्दू हाथी की बात खत्म होते ही पेड़ से पूछा, 'और पहले ये बताओ, इतनी सारी कहानियां तुम्हें मिलीं कहां से?' पेड़ समझ गया कि अब इन दोनों बदमाशों से पीछा छुड़ाना मुश्किल है, इसलिए वह एक बार जोर से झूमा फिर उसने बताना शुरू किया, 'मेरे नीचे या शाख पर जो भी आकर बैठता है, उसके चौदह पुरखों की कहानियां मेरे सामने आ जाती हैं। रोज ही ना जाने कितने पशु-पक्षी मेरी शाखों पर बैठते हैं या मेरी पत्तियां, फल-फूल खाने के लिए यहां आते हैं। दिन-रात कितने ही भले और बुरे आदमी मेरी छांव में बैठकर सुस्ताते हैं। कई बार रात-बेरात भी आकर बैठ जाते हैं। फिर मेरे सामने उनकी और उनके पुरखों के कारनामों की कहानियां जिंदा होकर प्रकट हो जाती हैं। मैं चुपचाप उन्हें देखता हूं। उनमें से जो कहानियां सुनाने लायक होती हैं, बस किसी-किसी को सुना देता हूं, लेकिन सबको नहीं।'

गुदगुद भालू नकली गुस्सा दिखाते हुए पेड़ से बोला, 'जी तो चाहता है, इसकी सजा दूं तुझे। तेरी दो-चार टहनियां तोड़ दूं ऊपर चढ़कर।' गुदगुद की बातें सुनकर पेड़ हंसते हुए बोला, 'कोशिश करके देखो, तुम्हारा भी वही हाल करूंगा, जो तुम्हारे गुस्सेबाज पिता का किया था। घर जाकर पूछना, धक्का देकर नीचे गिराया था और अपनी टहनियों से तड़ातड़ पीटा था।' गुदगुद भालू पेड़ की बात सुनकर झेंप गया। लेकिन गब्दू हाथी पेड़ की बात सुनकर पहले तो खूब हंसा और फिर हंसते हुए बोला, 'भई, मजा आ गया इस कहानी को सुनकर।' गुदगुद भालू पेड़ के मजाक से अभी तक दुखी और नाराज था। गुदगुद को दुखी देखकर पेड़ को भी दुख हुआ, उसने गुदगुद से कहा, 'अरे, मैंने तो मजाक किया था, तुम हो कि बुरा मान गए! अच्छा चलो, मैं तुम्हारी नाराजगी दूर करने के लिए एक गाना गाता हूं।' फिर पेड़, गुदगुद को मनाने के लिए गाने लगा। यह एक डांस-नंबर था, जिसे सुनकर गुदगुद भालू और गब्दू हाथी दोनों नाचने लगे।

पेड़ को पता था कि उसकी डाल पर कुछ पक्षी और जानवर चुपचाप बैठकर सारी बातें सुन रहे हैं। पेड़ ऊंची आवाज में बोला, 'ऊपर छिपे कौव्वे, सांप, बंदर और तोते भी नीचे आ जाएं, नहीं तो मैं अभी सबके पुरखों की पोल खोलता हूं।'

सबके सब नीचे उतर आए और दोस्तों की तरह एक घेरा बनाकर बैठ गए। बोलने वाले पेड़ ने जंगल के जंतुओं को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। सब कहानी सुनकर बहुत खुश हुए। *

कविता
गोविंद भारद्वाज



## आई जुलाई

छुट्टियां सकल बीत गईं,
फिर आया माह जुलाई।
हम सभी की विद्यालय में,
जाने की बारी आई।।
कॉपी-पेंसिल संभालो,
बस्ते अब झाड़ो भाई।
फिर से शाला जाने को,
पापा ने बस लगवाई।।
गणवेश सिली शाला की,
मिली एक सुंदर टाई।
जूते, मोजे लिए नए,
विधि पहन-पहन इतराई।।
बेल्ट लगी सुंदर अपनी,
किताबें नई दिलवाई।
स्कूल खुलने की खुशी में,
रीता-गीता इठलाई।

## रंग भरो-154

**रंग भरो-154** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



प्रगति, बिलासपुर



पृथ्वीराज, बिलासपुर



देवी, रायपुर



सौम्य, बालोद



आतिया, बहादुरगढ़

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, भूमिका-बागबाहरा, दिशांत-महेंद्रगढ़, लावण्या-बेमेतरा, पलक-धमतरी, सक्षम-रायपुर, युक्ति-धमतरी, दिव्या-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, भूमिका-दुर्ग, अंचित-सोनीपत, आर्यन-करनाल, अमन-भोपाल, दीपा-बलौदा बाजार, हंसिका-मटियारी


## रंग भरो 155

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों के बाद फिर से स्कूल खुल गए हैं। यहां स्कूल जाते हुए बच्चों का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## सही परछाई बताओ

बच्चों, यहां एक खेलते हुए बच्चे का चित्र दिया गया है। इसके बगल में इस चित्र की कई परछाइयां भी हैं। तुम्हें ध्यान से देखकर बताना है कि बच्चे के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: D

## खबर संक्षेप

### कबीर आयुर्वेदा के डायरेक्टर राज्यपाल बंडारू से मिले

**सोनीपत।** कबीर आयुर्वेदा के डायरेक्टर संजीव अग्रवाल ने दिल्ली में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से शिष्टाचार भेंट की। संजीव अग्रवाल ने बताया कि बंडारू दत्तात्रेय के राज्यपाल आयुर्वेद को लेकर हमेशा ही प्रोत्साहन देते रहे हैं। संजीव ने बताया कि राज्यपाल से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। आयुर्वेद, जोकि भारत की प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है, नशा मुक्ति और कैंसर जैसे गंभीर रोगों के उपचार और प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता वैन रवाना

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल परिसर में वीरवार को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। जिसमें डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. गीता दहिया ने परिवार नियोजन और जनसंख्या पखवाड़ा स्थिरता के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकता वैन को रवाना किया। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. गीता दहिया ने बताया कि जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। कहा कि हमें पुरुष नसबंदी को प्रोत्साहन देना चाहिए।

### कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर मंथन

**गोहाना।** गुरुवार को हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक यूनियन की गोहाना शाखा के कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में 16 जुलाई को आयोजित होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विचारविमर्श किया गया। अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष रामलाल ने की। सुभाष भट्टी के अनुसार सम्मेलन आगामी तीन आन्दोलनों को कामयाब बनाने को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत किए जागरूक

**सोनीपत।** इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित प्रीतम सिवाच हॉकी फाउंडेशन के मैदान पर भारत पैट्रोलियम कंपनी लिमिटेड के सौजन्य से स्वच्छता पखवाड़ा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों व अन्य ने सफाई की अनिवार्यता के संबंध में जानकारी ली। बीना मनसुख हेड एचआरएस, नदीम खान चीफ मैनेजर एडमिन एचआरएस, संजय सचदेवा सीनियर मैंनेजर एचआरएस नॉर्थ, अखिल गुप्ता जीएम, अजय सरोहा सीनियर मैनेजर व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

### जनसंपर्क अभियान चलाकर बताई नीतियां

**खरखौदा।** कांग्रेस नेता जगदीश चहल राठधना विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाए हुए हैं। जनसंवाद के दौरान उन्होंने दावा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश कांग्रेस की सरकार बनना तय है। सरकार बनने के बाद शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण के बढ़ते प्रभाव को कम किया जाएगा। भाजपा सरकार द्वारा उच्च शिक्षा हेतु बढ़ाई गई फीस को कम किया जाएगा, ताकि गरीब मजदूर किसान के बच्चे भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकें।

### जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में जीता पदक

**सोनीपत।** झांसी में 1 से 8 जुलाई तक आयोजित जूनियर नेशनल हॉकी चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की हॉकी खिलाडियों ने हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व करते प्रतियोगिता के फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश की टीम को कड़ी टक्कर देते 1-2 के स्कोर से खेलते सिल्वर पदक जीता। इस प्रतियोगिता में देश भर से 20 टीमों ने हिस्सा लिया। इशिका, साक्षी, प्रियंका, वंशिका, दिक्षा, तमन्ना, रितिका व रितिका मान को सर्वश्रेष्ठ खेल के प्रदर्शन के आधार पर सितंबर में होने वाली खेलो इंडिया हॉकी लीग की टीम के लिए चयनित किया गया।

### नकदी सहित सोने चांदी के जेवर चुराए

**सोनीपत।** गांव झरोठ में चोरों ने हजारों की नकदी सहित सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। वारदात को देर रात अंजाम दिया गया और पता अलसुबह चला। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचीं पुलिस टीम ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झरोठ निवासी संजीव ने बताया कि रात को भोजन करने के बाद परिवार के सदस्य सो गए थे।

---

#### कावड़ियों के लिए बागपत और सोनीपत के पुलिस अधिकारियों ने की बैठक

# गंगाजल लाने वाले कांवड़ियों को नहीं होगी परेशानीः जाखड़

### शिवरात्रि के पर्व को लेकर प्रशासन ने शुरू की तैयारी, बनाया व्हाट्सएप ग्रुप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। हरिद्वार व नीलकंठ से गंगाजल लाने वाले कांवड़ियों को किसी तरह की समस्या ना हो और वे सुरक्षित गंतव्य की ओर पहुंचें, इसके लिये उत्तर प्रदेश के बागपत और हरियाणा के सोनीपत के पुलिस प्रशासन ने वीरवार को बैठक की। इसे लेकर दोनों जिलों के अधिकारियों ने राई एसीपी कार्यालय में मंथन कर रणनीति तैयार की है। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, कांवडिय़ों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सभी मार्गों पर यातायात सुचारू बनाए रखने पर सहमति बनी। बेहतर समन्वय व कांवड़ यात्रा संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए दोनों जिलों के अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जाएगा।

वीरवार को राई थाना परिसर स्थित एसीपी कार्यालय में सहायक पुलिस आयुक्त मुकेश जाखड़ व बागपत के डीएसपी हरीश सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। एसीपी मुकेश जाखड़ ने कहा कि कांवड़ यात्रा 22 जुलाई से 2 अगस्त के बीच सभी बेहतर प्रबंध रहेंगे। कांवडिय़ों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। साथ ही कानून व यातायात व्यवस्था को बेहतर रखा जाएगा। इसके लिए बागपत प्रशासन के साथ पूरा तालमेल रहेगा। बैठक में डीएसपी हरीश सिंह भदौरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित निवाड़ा से शिवभक्त हरियाणा के सोनीपत के रास्ते अन्य जिलों व राजस्थान की तरफ प्रस्थान करते हैं। इसे लेकर यातायात के साथ कांवडिय़ों की सुविधाओं को लेकर सभी प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने सोनीपत प्रशासन से जो सहयोग मांगा उसे पूरा करने पर सहमति बनी। बैठक में बागपत के निरीक्षक देवेंदर त्यागी, निवाड़ा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सत्यम, थाना प्रभारी राई उमेश कुमार, बहालगढ़ थाना प्रभारी राजीव व कुंडली थाना प्रभारी देवेंद्र आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक करते बागपत और सोनीपत पुलिस के अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

#### सात फुट से ऊंचा लाउडस्पीकर न लगाएं

रुट डायवर्ट को लेकर जल्द योजना बनाकर सार्वजनिक करने की बात कही गई। वहीं कांवड़ियों से अपने वाहनों पर सात फुट से ऊंचा लाउडस्पीकर नहीं लगाने की अपील की है। उत्तर प्रदेश में कई पुलों की ऊंचाई आठ फुट होने के चलते कांवड़ियों को दिक्कत हो सकती है। बेहतर समन्वय बनाए रखने के लिए बागपत व सोनीपत के अधिकारियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा। जिससे कावड़ से संबंधित सभी जानकारी साझा की जा सकेंगी। आवश्यकता पड़ते ही ग्रुप में सूचना देकर सभी तक पहुंचाना आसान होगा।

#### यमुना पुल पर बेहतर व्यवस्था के निर्देश

बागपत प्रशासन ने निवाड़ा के पास यमुना पुल पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था व सुरक्षा के लिए पुलिस के प्रबंध करने को कहा। जिसे भी सोनीपत प्रशासन ने पूरा करने को कहा। वहीं यमुना के घाट पर कांवड़ियों के यमुना स्नान के दौरान वहां गोताखोर का प्रबंध करने पर भी सहमति बनी। पुलिस अधिकारी ने आपदा प्रबंधन विभाग से मिलकर यह व्यवस्था रखने की बात कही।

#### तय मार्ग पर रखें जाएंगे कांवड़ियें

कांवड़ यात्रा की संवेदनशीलता बढ़ी है। सोशल मीडिया पर कांवड़ यात्रा को लेकर हो रही पोस्ट पर पुलिस निगरानी रखेगी। कांवड़ यात्रा के तय मार्ग पर ही कांवडिय़ों को रखने के प्रयास करने है ताकि हाईवे पर यातायात में व्यवधान उत्पन्न न हो। पुलिस का कहना है कि कांवड़ यात्रा एक पवित्र धार्मिक यात्रा है, इसका यही पवित्र स्वरूप रखा जाए। कांवड़ यात्रा की आड़ में उपद्रव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



सोनीपत। ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर पोस्टर बनाकर जागरूकता का संदेश देते छात्र-छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## छात्रों ने चार्ट-पोस्टर बनाकर दिया जागरूकता का संदेश

- ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल में जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ज्ञान गंगा मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में बृहस्पतिवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को तेजी से बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत करवाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने चार्ट व पोस्टर बनाकर जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने छात्र-छात्राओं को विश्व जनसंख्या दिवस के उद्देश्यों से अवगत करवाया। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि इस दिन का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके महत्व को समझाना है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि दुनिया की जनसंख्या 8 अरब से भी ज्यादा है। जनसंख्या बढ़ने से सकारात्मक कम नकारात्मक प्रभाव ज्यादा देखने को मिल रहे हैं। प्राचार्या रिचा चावला ने बताया कि चार्ट व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक लिया। इस आयोजन में अध्यापिका कौमिल व कविता ने विशेष योगदान दिया।

### अभियान चलाकर रोपित किए 28 पौधे

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा श्री राम रेजीडेंसी में पौधा रोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जयकिशन मलिक ने पौधा लगाकर अभियान को शुरू किया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों के बगैर धरती पर जीवन संभव नहीं है। वन ही जीवन है। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि आज मुहिम में बेलगरी जामुन नीम के 28 पौधे लगाए और सभी से निवेदन किया कि सभी मिलकर इस मुहिम को एक जनांदोलन बनाए। अवॉर्डी हिंदी प्रवक्ता दिलबाग सिंह, अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, मास्टर राजेश आदि मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस मनाया

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व को भाषण, कविता और विभिन्न प्रकार के नृत्यों की प्रस्तुति देकर समझाया कि वर्तमान समय में जनसंख्या पर नियंत्रण करना कितना जरूरी हो गया है। कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक सुनील नागपाल मौजूद रहे। प्राचार्या उषा मलिक ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण और प्रबंधन हमारे समाज और पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बढ़ती जनसंख्या से संसाधनों की कमी होती है, प्रदूषण बढ़ता है और स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दबाव बढ़ता है। इसके अलावा कई दूसरी समस्याएं भी सामने आती हैं। इसलिए हमें एक स्वस्थ, समृद्ध और स्थिर भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।




अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूल के छात

### मोहनलाल बड़ौली के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाने से कार्यकर्ताओं में उत्साह : कौशिक




**गन्नौर।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर राई विधायक मोहन लाल बड़ौली को बधाई देते हुए कष्ट निवारण समिति सदस्य एवं भाजपा नेता योगेश कौशिक ने कहा कि सभी कार्यकताअरं को पूर्ण विश्वास है कि नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के कुशल नेतृत्व में हरियाणा में संगठनात्मक कार्यों को एक नई दिशा मिलेगी और फिर से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। कौशिक ने कहा कि मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में भाजपा संगठन अवश्य मजबूत होगा। उन्होंने अपने संकल्प के माध्यम से पार्टी के संरचनात्मक विकास, कार्यकताअरं की समझ और प्रेरणा को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में नेतृत्व एक महत्वपूर्ण और मायने रखने वाला पद है, जो न केवल व्यक्ति के व्यक्तित्व को प्रकट करता है, बल्कि कार्यकर्ताओं को जोड़ने व धरातल पर मजबूती प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योगेश कौशिक ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी और मजबूत पार्टी है, इसमें कार्यकर्ता ही सब कुछ होता है। छोटे से कार्यकर्ता को भी बड़े से बड़ा पद मिलना भाजपा में ही संभव है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो आज तक अपना संगठन ही खड़ा नहीं कर पाई।

### सोनीपत पहुंचने पर मोहनलाल बड़ौली का स्वागत

**राई।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद सोनीपत भाजपा कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने मोहनलाल बड़ौली का जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया। भाजपा अध्यक्ष ने सभी का अभिनंदन स्वीकारते सभी कार्यकर्ताओं का आभारत जताते हुए कहा कि आज सोनीपत के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि आपके बीच कार्य करने वाले एक छोटे से कार्यकर्ता को पार्टी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है और मुझे पूरा विश्वास है कि यहां एक हर कार्यकर्ता इस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए मिलकर कार्य करेंगे और पूरे प्रदेश में एक उदाहरण देंगे कि सोनीपत को पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे सोनीपत ने बखूबी पूरा किया है। उन्होंने कहा कि एक छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी के लिए पार्टी हाईकमान ने जो विश्वास दिखाया है, उसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल और अन्य पार्टी पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में 90 दिन का समय बचा है और इन दिनों मैं और मेरी पार्टी के सभी कार्यकर्ता मिलकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे ।



राई। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का स्वागत कार्यक्रम के बाद पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए। फोटो :हरिभूमि



नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का स्वागत करते युवा नेता देवेंद्र कादियान।

### भाजपा से जुड़कर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं : देवेंद्र कादियान

गन्नौर। भारतीय जनता पार्टी के गन्नौर से युवा नेता देवेंद्र कादियान ने सोनीपत में पार्टी जिला कार्यालय पर प्रदेश के नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के पहुंचने पर उनका बुके भेंट कर स्वागत किया है। कादियान ने कहा कि राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली को लोग पहले से जानते है। वे लंबे समय से भाजपा से जुड़कर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते रहे है। पार्टी ने उनकी कार्य कुशलता और क्षमता को देखते हुए प्रदेशाध्यक्ष के रूप में बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर पुनीत दहिया, सचिन हुड्डा, विक्रम आंतिल, कुलदीप सिंह, प्रवीन, पवित्र, बिल्लू, रामकंवार, राजेश आदि मौजूद रहे।



खरखौदा। उमेश का स्वागत करते स्कूल प्रबंधन व कोच। फोटो :हरिभूमि

### नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में उमेश ने जीता पदक

**खरखौदा।** अंडर 17 नेशनल रेसलिंग चैम्पियनशिप जो कि रूद्रपुर, उत्तराखंड में आयोजित हुई, जिसमें प्रताप स्कूल खरखौदा के उमेश ने 80 किग्रा भारवर्ग में रजत पदक जीतकर प्रदेश व अपने स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रांगण में द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया खेल निदेशक प्रताप स्कूल खरखौदा, विद्यालय संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सुबोध दहिया, अंतरराष्ट्रीय मैडलिस्ट पहलवान प्रवीन मलिक, कुश्ती कोच प्रदीप, अनिकेत, मोहन, संदीप आदि ने पदक विजेता पहलवान उमेश का स्वागत किया। द्रोणाचार्य अवार्डी कुश्ती कोच ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि उमेश ने खेलो इंडिया गेम्स में भी पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया था। उन्होंने बताया कि प्रताप विद्यालय में भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 5 खेलों का खेलो इंडिया सैंटर व हरियाणा खेल विभाग द्वारा खेल नर्सरियां स्थापित की गई हैं।

## इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में नालंदा स्कूल की जैनेसा तृतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-जींद मार्ग पर स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल की मेधावी छात्रा जैनेसा ने इंटरनेशनल साइंस ओलिम्पियाड में जहां हरियाणा में तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं उसकी अंतर्राष्ट्रीय रैंक 17 रही। विजेताओं को स्कूल की एमडी रीना मलिक ने सम्मानित किया। रीना मलिक ने विद्यार्थियों को मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्राचार्या अनुपमा चौधरी के अनुसार इसी ओलिम्पियाड में उनके विद्यार्थी इवान और दीक्षांत की अंतर्राष्ट्रीय रैंक 48 रही तो जोनल एक्सीलेंस में 18वां स्थान रहा। इन तीन विशिष्ट विजेताओं के साथ कक्षा 4 से वियोना, हर्षिका, रक्षित और शिवम, कक्षा 5 से जयेश और इकांशी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्या ने उक्त विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गोहाना। विजेता विद्यार्थियों को संबोधित करते एमडी रीना मलिक।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान पहुंचें भाजपा नेता राजीव जैन। फोटो :हरिभूमि

### नगर परिक्रमा के बाद मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करवाई

**सोनीपत।** जटवाड़ा स्थित कुम्हार धर्मशाला के शिव मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व धूमधाम से नगर परिक्रमा करवाई गई। विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद राम परिवार, शिव परिवार, हनुमान, राधा कृष्ण की मूर्तियों को रथ में सवार किया गया। परिक्रमा में महिलाएं हाथों में धर्म ध्वजा लिए नाचती गाती चल रही थी। कार्यक्रम में पंहुचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि मंदिर हमारी आस्था के केंद्र है और भगवान की स्तुति से आत्म ज्ञान की प्राप्ति होती है। राजीव जैन ने कहा कि हम मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ-साथ देवी देवताओं के चरित्र की भी पूजा करे और मानवता के सिद्धांत पर चलकर जरूरतमंदों की सेवा करें। उन्होंने मंदिर पुनर्निर्माण के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। मंदिर प्रधान राज सिंह ने बताया कि कोरोना काल में सूर्य ग्रहण के दौरान मूर्तियां खंडित हो गई थी, इसलिए दोबारा से नई मूर्तियां बनवाकर स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हवन यज्ञ के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी और विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में जसवंत, विनोद कुमार, गौरव, मोजी राम, अत्तर सिंह, जॉनी, महा सिंह, मुरारी, सुभाष आदि मौजूद रहे।

#### राज्यस्तरीय समारोह का न्योता देने के लिए सोनीपत पहुंचे डिप्टी स्पीकर

# तीसरी बार हरियाणा में बनेगी भाजपा की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

21 जुलाई को महाराजा दक्ष प्रजापति जंयती के उपलक्ष्य में हिसार में होने वाले राज्यस्तरीय समारोह का न्योता देने के लिए हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर गुरूवार को सोनीपत पहुंचे। उन्होंने समारोह का आमंत्रण देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा संत महापुरूषों की शिक्षा व विचारों को घर-घर पहुंचाने के लिए राज्य स्तर पर संत महात्माओं की जयंतियां मनाई जा रही हैं। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार द्वारा 21 जुलाई को हिसार में राज्य स्तर पर प्रथम बार महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती मनाई जाएगी, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के प्रति समाज के लोगों में काफी उत्साह है तथा समाज के लोग इस कार्यक्रम में बढ़चढकर भाग लेंगे। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने रेलवे रोड़ स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब ङ्क्षसह के नेतृत्व में हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा एक हरियाणवी एक की विचारधारा पर आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री ने ओबीसी समाज की मांगों को पूरा किया है। पूरे ओबीसी समाज की मांग थी कि क्रीमी लेयर की आय सीमा जो 6 लाख रुपये थी, उसे केंद्र सरकार की तर्ज पर 8 लाख रुपये किया जाए और उसमें सैलरी और कृषि आय न जोड़ी जाए।

पिछली कांग्रेस सरकार ने बैकवर्ड क्लास के साथ अन्याय करने का कार्य किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह का धन्यवाद है, उन्होंने क्रीमी लेयर की आय को केंद्र सरकार के समान करने का कार्य किया। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि नौकरियों में आबीसी कोटे के बैकलॉग को भी भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम में भी ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बिना पर्ची बिना खर्ची और पूरी पारदर्शिता के साथ प्रदेश के योग्य युवाओं को रोजगार दिया है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, हरियाणा माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ईश्वर मालवाल, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



पत्रकारवार्ता को संबोधित करते डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य।




सोनीपत। बैठक को संबोधित करते भाजपा नेता अमित बिंदल। फोटो :हरिभूमि

### पार्टी की मजबूती के लिए सभी मिलकर काम करें : बिंदल

**सोनीपत।** रोहतक स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश प्रकोष्ठ विभाग की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश भर से प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, पूर्व सांसद संजय भाटिया व प्रदेश नेता पवन सैनी ने शिरकत की। बैठक में लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख अमित बिंदल ने हिस्सा लेते हुए प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों व कार्यकताअरं के बीच अपने विचार रखे। इस दौरान उन्होंने फिर एक बार भाजपा सरकार के नारे को मजबूती दी। लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख अमित बिंदल ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए सभी सदस्य मिलकर काम करें, ताकि संगठन को नये आयाम तक ले जाया जा सके। उन्होंने सभी को एकजुट होकर बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मेहनती है। पार्टी की मजबूती भी आपके ही कंधों पर निर्भर करती है।

## खबर संक्षेप



### मोबाइल छीनने के चार आरोपित काबू

**सोनीपत।** पश्चिमी क्राइम यूनिट टीम ने बाइक और मोबाइल छीनने के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपी गांव भदाना निवासी नरेश उर्फ अंशु, गांव गंगाना फिलहाल मालवीय नगर निवासी पुनीत उर्फ काला, श्याम नगर निवासी मोहित उर्फ सन्नी व अंकुश है। पुलिस ने आरोपी नरेश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि तीन आरोपितों को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। दिल्ली के बक्करवाला निवासी दिलबाग ने 28 जून को पुलिस को बताया था कि 27 जून को जीटी रोड पर खाना खाने गए थे। जिसके बाद वह अपने मामा के घर गांव भदाना के लिए चल पड़े। जब सेक्टर-23 के पास पहुंचे तो लघुशंका के लिए रूक गए। इसी दौरान चार युवकों ने उनके साथ मारपीट कर बाइक और मोबाइल छीन लिया। शिकायत पर सदर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब क्राइम यूनिट टीम ने छानबीन कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से छीनी गई बाइक भी बरामद कर ली है।

### हरियाणा विश्वविद्यालय फेडरेशन के अध्यक्ष और महासचिव धरने पर पहुंचे

# जिले में गैर शिक्षकों ने जारी रखा धरना फेडरेशन की बातचीत नहीं रही सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत






**सोनीपत।** डीक्रस्ट में विरोध प्रदर्शन करते हुए गैर शिक्षक कर्मचारी तथा डीक्रस्ट में धरने पर बैठे शोधार्थी। । फोटो : हरिभूमि

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारियों ने तय कार्यक्रम के अनुसार विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ अपना अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। धरने का समर्थन विश्वविद्यालय के शोधकताअरं ने भी दिया और अपनी मांगों को पूरा न करने का आरोप विश्वविद्यालय प्रशासन पर लगाया। धरने की अगुवाई प्रधान आनंद राणा ने की। आज धरना स्थल पर अखिल हरियाणा विश्वविद्यालय फेडरेशन के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा और अजमेर, सेक्रेटरी जनरल भी पहुंचे। जिन्होंने सभी कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया और मुरथल विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही नीतियों का खंडन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ बैठकर मामले को निपटाना की कोशिश की, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई करने की बजाय मामलों में केवल कमेटी गठित करने की बात कही। इस बैठक के दौरान कुछ ऐसे लोगों को बैठा लिया जिन की वजह से मामला सिरे नहीं चढ़ पाया, जिसकी फेडरेशन ने निंदा की। फेडरेशन का मानना है कि इससे मांगे पूरी होने की बजाय मामला और उलझ जाएगा। प्रधान राणा ने आरोप लगाया कि कुलपति विश्वविद्यालय में केवल अपना समय व्यतीत करने के लिए ही आए हैं जो एक निश्चित समय के बाद अपने मूल विभाग में चले जाएंगे और इस विश्वविद्यालय का भविष्य अंधकार में झोंक देंगे। विश्वविद्यालय का प्रत्येक कर्मचारी व विद्यार्थी इनकी तानाशाही नीतियों से परेशान है। जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन कर्मचारियों और शोधकर्ताओं की सभी मांगों को पूरा नहीं करता तब तक कर्मचारी पीछे नहीं हटेंगे और यह अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा और आगामी आंदोलन को और भी तेज किया जाएगा। अगर इस आंदोलन की वजह से विश्वविद्यालय की किसी भी गतिविधि में रुकावट आती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर सुरेश कुमार, सतीश, प्रवेश त्यागी, इंद्रजीत, रजनीश, अजय कुमार, पंकज, सरोज, परविंदर, संदीप, अनीता, विनोद, राजेश, रणजीत आदि ने हिस्सा लिया।

### वार्डन ने हॉस्टल खाली करने का जारी किया फरमान

**सोनीपत।** पिछले दो दिनों से दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधार्थी चीफ वार्डन के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि बॉयज हॉस्टल के चीफ वार्डन ने एक फरमान जारी किया है। इस फरमान के अनुसार शोधकर्ताओं को तुरन्त हास्टल खाली करने को कहा गया है। साथ ही जो भी रिसर्च स्कॉलर अपनी रिसर्च के 4 साल पूरी कर चुके हैं उन्हें दोबारा हॉस्टल रूम अलॉट नहीं किया जायेगा। ऐसा किसी भी प्रकार का कोई भी नियम किसी भी यूनिवर्सिटी में नहीं है। यूनिवर्सिटी के पीएचडी आर्डिनेंस के अनुसार 6 साल तक कोई भी रिसर्च स्कॉलर रेगुलर रिसर्च कर सकता है तो ऐसे में इस तुगलकी फरमान का मतलब समझ नहीं आ रहा है। इसका कारण हॉस्टल फंड के रूप में जमा करोड़ों रुपयों का अपने फायदे के लिए शोधार्थियों की चौकसी के चलते दुरुपयोग न कर पाना है। इस दौरान आरोप लगाया गया कि चीफ वार्डन की नियुक्ति भी सभी नियमों की धज्जिया उड़ाकर की गई। यह नियुक्ति यूनिवर्सिटी में भाई भतीजावाद के चलते की गई है। हॉस्टल में वार्डन्स अपने कार्यकाल पूरा करने के बाद भी अपने पद पर बने हुए हैं। हॉस्टल में जान बूझकर ऐसे नियम बनाये जा रहे हैं जिनसे छात्रों को प्रताड़ित किया जा सके और उनके शोध में खलल डाला जा सके। धरने पर बैठे शोधाथीर्यों का कहना है कि जब तक ये तुगलकी फरमान वापिस नहीं ले लिए जाते तब तक हमारा धरना जारी रहेगा।



**सोनीपत।** विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रवचन देते हुए उपाध्याय गुप्ति सागर महामुनिराज। फोटो : हरिभूमि

### आत्म संयम से विद्यार्थी छू सकते हैं सफलता की ऊंचाइयां: महामुनिराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- महामुनि ने विद्यार्थियों को संयम के विषय में जानकारी दी तथा यह भी बताया कि आत्म संयम के द्वारा विद्यार्थी अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।
- जैन विद्या मंदिर सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में पधारे उपाध्याय गुप्ति सागर महामुनिराज

जैन विद्या मंदिर सीनियर सेकंडरी विद्यालय के प्रांगण में उपाध्याय गुप्ति सागर महामुनिराज के प्रवचनों का आयोजन किया गया। उपाध्याय गुप्ति सागर महामुनिराज का विद्यालय के प्रधान राकेश जैन, उप प्रधान पवन जैन, सचिव शशि भूषण जैन, प्राचार्य डॉ. नीरू तथा विद्यालय के सभी सदस्यों ने स्वागत किया। महामुनि ने विद्यार्थियों को संयम के विषय में जानकारी दी तथा यह भी बताया कि आत्म संयम के द्वारा विद्यार्थी सफलता की ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने छात्रों को ध्यान केंद्रित करने के विषय में भी बताया।

ध्यान केंद्रित करके विद्यार्थी कठिन से कठिन विषय को आसानी से समझ सकते हैं। महामुनि ने विद्यार्थियों को यह भी बताया कि शाकाहार के सेवन से व्यक्ति किस प्रकार स्वस्थ व निरोग रह सकता है। उन्होंने अपरिग्रह के बारे में बताया कि अपनी अनावश्यक वस्तुओं को त्याग कर तथा सीमित वस्तुओं के प्रयोग से हम अपना जीवन सरल व संतुष्टि पूर्ण बना सकते हैं क्योंकि अनावश्यक संचय हमारे दुखों का कारण है। मुनि ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों की भी जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी मुनि से अपनी शंका निवारण हेतु कई प्रश्न पूछे। मुनिराज ने उनकी शंकाओं का भी समाधान किया। अंत में प्रधान राकेश जैन, उपप्रधान पवन जैन, सचिव शशिभूषण जैन व प्राचार्या डा. नीरू ने महामुनि का आभार व्यक्त किया।

# कांवड़ शिविर के लिए चंदा इकट्ठा नहीं करेगी समिति

- महाराजा अग्रसेन सेवा समिति लगाएगी 43वां कांवड़ सेवा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

महाराजा अग्रसेन सेवा समिति महाशिवरात्रि पर आयोजित किए जाने वाले कांवड़ सेवा शिविर के लिए घर-घर जाकर चंदा एकत्रित नहीं करेगी। जो श्रद्धालु शिविर में मौके पर आकर दान स्वरूप चंदा देगा वही स्वीकार किया जाएगा। गुरुवार को यह निर्णय समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल ने की।

महाराजा अग्रसेन सेवा समिति हर वर्ष की भांति इस साल भी महाशिवरात्रि पर कांवड़ियों की सेवा में शहर में अंबेडकर चौक में 43वां कांवड़ सेवा शिविर आयोजित करेगी। शिविर 26 जुलाई से 1 अगस्त तक चलेगा। समिति के अध्यक्ष ओ म प्र का श गोयल के अनुसार हर वर्ष की तरह इस बार भी शिविर के लिए घर-घर जाकर चंदा इक_ा नहीं किया जाएगा अपितु जो श्रद्धालु शिविर में आकर दान स्वरूप चंदा देगा वही स्वीकार किया जाएगा।



बैठक में समिति प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, विजय कुमार गोयल, कृष्ण गोयल, रोहतास सैनी, सुभाष चंद्र, रजत वर्मा, निखिल शर्मा, प्रदीप, सुनील वर्मा, बंटी हंस, नितिन जिंदल, रवि बत्रा, राजेश, विष्णु और योगेश जैन आदि मौजूद रहे।

# मजदूरों की अनदेखी सरकार को भारी पड़ेगी : सीटू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू नेता आनंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

सीटू के अह्वान पर सीटू वर्करों ने शहर में रोष प्रदर्शन करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं मोहनलाल बड़ौली के आवास पर रोष प्रदर्शन एवं घेराव करते हुए मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। सुबह 9:00 बजे से ही सीटू से संबंधित तमाम यूनियनो के सदस्य अग्रसेन चौक स्थित पानी की टंकी पर इकट्ठा हुए। जिसकी अध्यक्षता प्रधान अनीता ने की एवं संचालन सचिव राजेश कुमार ने किया। प्रदर्शन में आशा, आंगनवाड़ी, मिड डे मील, क्रैच वर्क्स, ग्रामीण सफाई कर्मचारी एवं शहरी ठेका सफाई कर्मचारीयों ने हिस्सा लिया। अग्रसेन चौक से नारे लगाते हुए, सीटू एवं अपनी यूनियनों के बैनर एवं झंडे लेकर, पहले नगर निगम कंपनी पीसीसी के कार्याजय के बारि रोष प्रदर्शन किया। इसके बाद मोहनलाल बड़ौली के आवास पर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा, राज्य सचिव सुनीता, अनीता, राजेश, किसान सभा के नेता श्रद्धानंद सोलंकी ने किया। आवास पर पहुंचकर मोहनलाल बड़ौली की अनुपस्थिति में उनके भतीजे को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ,सीटू की राज्य सचिव सुनीता ने कहा कि हरियाणा सरकार मजदूरों की अनदेखी कर रही है जो विधानसभा चुनाव में भारी पड़ेगी। उन्होंने पक्के काम पर पक्की भरती की जाए, सभी प्रकार के कच्चे एवं आउटसोर्स कर्मचारीयों, परियोजना वर्करों आशा,मीड डे मील, आंगनबाड़ी, क्रैच वर्करों को पक्का किया जाए जब तक पक्का नहीं किया जाता न्यूनतम वेतन 26000 लागू किया जाए।

## न्यूज डायरी

### रंगोली प्रतियोगिता में प्रेस्टीज सदन प्रथम



**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय बायोलाजिकल रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विज्ञान विषय की अध्यापिका तमन्ना की देखरेख में हुई। जिसमें चारों सदनों के बच्चों ने अपना हुनर दिखाते हुए बहुत सुंदर रंगोलियां बनाई। इसमें निर्णायक मंडल द्वारा घोषित किए गए परिणामों में प्रेस्टीज सदन प्रथम, डिवाइन सदन द्वितीय, डिग्निटी सदन तृतीय और ग्लोरी सदन चौथे स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता और समन्विका नेहा संधू ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के प्रतियोगिताएं बच्चों के भीतर छुपी कला को निखारती हैं और उनके कलात्मक ज्ञान को बढाती है।

### पौधरोपण कर ली देखरेख की जिम्मेदारी



**गन्नौर।** लायंस क्लब गन्नौर द्वारा पौधरोपण अभियान के दूसरे पखवाड़े में यूनिक क्रिकेट स्टेडियम शेखपुरा में क्लब के पदाधिकारियों ने पौधारोपण करके किया। लायंस क्लब के प्रधान लायन हरजिंदर सिंह ने कहा कि क्लब द्वारा पूरे बरसात के मौसम में पौधों का रोपण किया जाएगा जो हमारे पर्यावरण के लिए अति आवश्यक है। पौधारोपण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जॉन अध्यक्ष लायन दीपक गोयल ने सभी पौधों के रखरखाव की जिम्मेदारी स्वयं ली। क्लब द्वारा वहा पर अमरपाली आम ,मौसमी ,आडू और टरमेलिया आदि के बड़े पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर प्रोजेक्ट चेयरमैन शमशेर सैनी सचिव विजय कुमार कोषाध्यक्ष नरेंद्र पीतांजलि लायन राजेंद्र गोस्वामी आरपी वर्मा हरविंदर त्यागी सुरेश भूटानी मनीष बंसल प्रीत सिंह और गुरमेल सिंह आदि ने अपना अमूल्य सहयोग दिया



गोहाना। गांव धनाना में ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए आप नेता संदीप मलिक।

### दिनदहाड़े लोगों को निशाना बना रहे बदमाश : संदीप

**गोहाना।** आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा गुरुवार को गांव धनाना व कथूरा में बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में लोगों को आप पार्टी की जनहितकारी नीतियों बारे अवगत करवाया गया। पार्टी नेता संदीप मलिक ने कहा कि आज प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला है। लोगों को दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया जाता है। आए दिन व्यापारियों से फिरौती मांगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। सरकार व पुलिस प्रशासन अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम है। गुरुवार को जिला सोनीपत के गांव सैनीपुरा में एक दुधिये की सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। संदीप मलिक ने गांवों में सुविधा को लेकर भी अपने विचार व्यक्त किए। वे बोले कि आज भी गांवों में लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। काफी गांवों में पेयजल, बिजली और सफाई व्यवस्था का अभाव है। गांवों में रास्तों की हालत भी खास्ता है।

### समाधान शिविर में 149 शिकायतें पहुंचीं, केवल छह का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर की श्रृंखला में वीरवार को नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। वीरवार को जिले भर में कुल 149 शिकायतें सामने आई, जिनमें से 6 का मौके पर समाधान किया गया, बाकि की 143 शिकायतें लंबित की श्रेणी में रखी गई हैं। निगमायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में 10 जून से अब तक कुल 2655 शिकायतें आई हैं, जिनमें से 1247 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है और 1408 शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर रहे हैं और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति भी पोर्टल पर अपडेट की जा रही है। गुरूवार को समाधान शिविर में आई अधिकतर शिकायतें परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित थी।



### सोमवार को सभी जिप कार्यालयों पर लगाएंगें ताले

**सोनीपत।** हरियाणा जिला परिषद के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर वीरवार को बहादुरगढ़ में पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। उसके बाद सभी जिला पार्षदों ने सर्व सहमति से फैसला लिया अगर सरकार ने रविवार तक हमारी मांगे पूरी नहीं की तो हम सोमवार को जिला परिषद कार्यालय पर ताला लगाएंगे और बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर धरना देंगे। जिला पार्षद संजय बड़वासनियां, संत कुमार, नरेंद्र कुमार, मोनू बागरू, जिला परिषद प्रतिनिधि देवेंद्र, नरेंद्र, राकेश, सतीश कुमार, कुक्कू, राजेश, कुलदीप ने कहा कि जिला पार्षदों को अधिकार नहीं मिलने के कारण और वे अपने वार्ड में विकास कार्य नहीं करवा पा रहे। जिसकी वजह से लोगों का विरोध झेलना पड़ रहा है।

### जनसंख्या नियंत्रण हर देशवासी का कर्तव्य : सचिन



**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जवाहर लाल नेहरु स्कूल में गुरुवार को विश्व जनसंख्या दिवस पर क्विज प्रतियोगिता हुई। स्कूल के प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनसंख्या नियंत्रण अकेले सरकार का कर्तव्य नहीं है अपितु यह देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। प्रतियोगिता का मार्गदर्शन स्कूल की मैनेजर कृष्णा शर्मा और एमडी सुनील शर्मा ने किया। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा और सह निदेशक राज कुमार जांगड़ा ने किया। क्विज प्रतियोगिता की विजेता जूनियर विंग में कक्षा पांच की टीम बनी। एमडी सुनील शर्मा ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि के विस्फोट से शिक्षा, रोजगार, भोजन और मकान सहित जीवन की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता दूभर होती जा रही है। क्विज के आयोजन में शिक्षिका मनीषा, गुंजन, पूजा, वीनू आदि का विशेष सहयोग रहा।

### हड्डी जांच शिविर में जांची 50 लोगों की हड्डियां

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट ने वीरवार को समाज सेवा के दो कार्य संपन्न किए। पहले कार्यक्रम में क्लब ने सेक्टर 14 में अपना मासिक हड्डी जांच शिविर लगाया, जिसमें क्लब के पूर्व प्रधान डॉ. निखिल चुघ ने करीब 50 गरीब लोगों की हड्डियों की मुफ्त जांच करके उन्हें मुफ्त परामर्श भी दिया। उनके साथ डॉ. मंजीत कोर ने भी सहयोग दिया।

दूसरे कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने मिलकर एक गरीब कन्या के परिजनों को उसकी शादी के लिए करीब 31 हजार रुपये का समान उपहार स्वरूप दिया। क्लब के प्रधान राजेश कटारिया और सचिव डॉ. राजन मक्कड़ ने संयुक्त रूप से बताया कि क्लब समय समय पर सामाज कल्याण के कार्य करता है। इस अवसर पर आशु नागपाल, सुधीर खुराना, संजय अंतिल, प्रमोद भूटानी, मनोज कथूरिया, शशि, मीनाक्षी, मोना, विनीत, श्वेता, रेणु अंतिल आदि सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

### अंत्योदय की भावना लेकर चल रही है प्रदेश और देश की भाजपा सरकार : मनोहर लाल

# शक्ति प्रदर्शन के साथ भाजपाई हो गए मेयर निखिल मदान

- सोनीपत की राजनीति में बड़ा उलटफेर, कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली स्थित हरियाणा भवन पहुंचें मेयर
- सोनीपत का विकास सर्वोपरि, सरकार के साथ बेहतर तालमेल बैठाकर करेंगे सोनीपत का विकास : निखिल मदान
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में हुए शामिल



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के साथ मेयर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम सोनीपत के मेयर एवं कांग्रेसी नेता निखिल मदान वीरवार को अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में आयोजित कार्यक्रम में मेयर निखिल मदान ने भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने मेयर निखिल मदान को भाजपा में शामिल करवाया।

इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज देश और प्रदेश की भाजपा सरकार अंत्योदय का लक्ष्य लेकर सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ काम कर रही है। भाजपा सरकार की कार्यशैली से प्रभावित होकर मेयर निखिल मदान ने भाजपा का दामन थामा है, इस अवसर पर वो मेयर निखिल मदान का भाजपा परिवार में स्वागत करते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सोनीपत के मेयर निखिल मदान के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से निश्चित तौर पर सोनीपत के विकास कार्यों में तेजी आएगी। वो मेयर निखिल मदान और उनके सभी समर्थकों का भाजपा परिवार में स्वागत करते है। वहीं भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि उन्होंने मेयर निखिल मदान की कार्य शैली को नजदीक से देखा है। निश्चित तौर पर उनके भाजपा में शामिल होने से पार्टी संगठन को सोनीपत के साथ साथ पूरे प्रदेश में मजबूती मिलेगी। वो मेयर निखिल मदान और उनके सभी समर्थकों को विश्वास दिलाते हैं कि उन्हें पार्टी में उचित मान सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री हरियाणा के पब्लिसिटी एडवाइजर तरुण भंडारी, जिला भाजपा अध्यक्ष जसबीर दोदवा, नगर निगम सोनीपत में भाजपा के सभी पार्षद हरि प्रकाश सैनी, सुरेंद्र मदान, मुकेश सैनी, मुनीराम ठोलेदार, पुनीत राई, लक्ष्मी नारायण तनेजा, अतुल जैन, संगीता सैनी, पार्षद प्रतिनिधि त्रिभुवन कौशिक, महेश लूथरा, संजीव वलेचा, देवेंद्र सैनी, पूर्व पार्षद प्रमोद शर्मा, मोहन सिंह मनोचा, वासुदेव सुखीजा, पूर्व पार्षद राजिंदर चांदना, कच्चे क्वार्टर मार्किट प्रधान राकेश चोपड़ा, नरेश छाबड़ा, पवन तनेजा, मोहन मदान, राजकुमार मदान, स्वामी सुरेशानंद, कुलदीप वत्स आदि मौजूद रहे।

### 2020 में मेयर बने थे मेयर निखिल मदान

2015 में सोनीपत को नगर निगम बनाया गया था। इसके बाद पहला चुनाव दिसंबर 2020 में हुआ। 30 दिसंबर 2020 को इन चुनावों का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें कांग्रेस के निखिल मदान ने भाजपा के ललित बतरा को 13 हजार 817 मतों से पटखनी दी थी। निखिल मदान को कुल 72 हजार 118 वोट मिले जबकि भाजपा के ललित बतरा को 58 हजार 301 वोट मिले। मेयर पद के 10 प्रत्याशियों में कांग्रेस व भाजपा को छोड़कर अन्य कोई भी प्रत्याशी अपनी जमानत नहीं बचा पाया था।

### देशहित के कार्यों से प्रभावित हूं : मेयर

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर मेयर निखिल मदान ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि वो केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किए गए देश हित के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं,चाहे जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाने का फैसला हो या विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से देश के गरीब तबके को उनका हक देने की बात हो भाजपा सरकार में देश लगातार मजबूत हुआ है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत का विकास उनके लिए शुरू से ही सर्वोपरि है, इसके लिए वह लगातार प्रयासरत है।

### इन्होंने भी ज्वाइन की भाजपा

इस मौके पर सोनीपत नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन ललित महेंद्रू, कच्चे क्वार्टर मार्किट प्रधान जवाहर चांदना, पूर्व पार्षद अशोक अरोड़ा, सुरेश भारद्वाज, दीवान सिंह, अकबरपुर बारोटा गांव के सरपंच संजय चौहान, पूर्व पार्षद संजय चौधरी आदि ने भाजपा की सदस्यता की। वहीं बिन्नी गुप्ता, राहुल शर्मा, संदीप दहिया, रवि कौशिक, गौरव कौशिक, संदीप मलिक, सुजीत गहलावत, सूरज खत्री, नरेश सरोहा, सचिन सांगवान, प्रवीण मलिक, उमा शंकर गौतम, हरि ओम शर्मा, अशोक शर्मा, अनिल बाजवान, सतीश वर्मा, राकेश कुछल, अक्षय, आरपी सिंह, ईश्वर वाल्मीकि, महेंद्र सैन, नरेंद्र, भोला सत्यवान, साहिल डबरा,अर्पित छाबड़ा, नन्नू मदान, गौरव कौशिक, शुभम गर्ग, सोनू सुहाग, अमित निगम, आशीष दहिया, लव भूटानी, आजाद सरपंच, अमन दहिया, अनुराग भारद्वाज, मुकेश कटारिया, मुकेश जैन, सतीश टेलर, कमल आदि लोग भी भाजपा में शामिल हुए।